न्यायोत्सव : विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ, निकाली बाइक रैली

बंदियों के लिए लगाया विधिक जागरूकता शिविर

सिवनी, देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के निर्देशन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में न्यायोत्सव आयोजित किया गया। यह आज चार नवंबर से नौ नवंबर 2024 तक आयोजित होगा। आज इस मौके पर बाइक रैली निकाली गई।

न्यायोत्सव के विधिक सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों का शुभारंभ आज सुबह साढ़े दस बजे जिला न्यायालय परिसर सिवनी से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी, सतीश चंद्र राय के द्वारा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी से प्रारंभ होकर कचहरी चौक होते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर सिवनी में समाप्त हुई।

कार्यक्रम में गालिब रसूल विशेष न्यायाधीश सिवनी, केएम अहमद प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी, प्रेमा साहू द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी, बलवीर सिंह धाकड़ तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी, तेज प्रताप सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवनी, ठाकुर प्रसाद मालवीय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सिवनी, अर्चना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, केशव गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, तनु गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी में कार्यरत पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

रिशाद खान डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिवनी द्वारा जिला जेल सिवनी में जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम सिवनी हीरालाल सनोड़िया, पैरालीगल वालेंटियर्स श्री सुनील भजेकर, श्री कपिल विश्वकर्मा, श्री ठाकुर उमाशंकर सिंह, अरूण बघेल, राजेश्वरी राजपूत उपस्थित रहे।

उपार्जन कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

सिवनी, देशबन्धु। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान उपार्जन से संबंधित समस्त कार्यों के संपादन हेतु सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा को जिले में उपार्जन कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के आदेश कलेक्टर संस्कृति जैन ने आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार सहायक कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी उपार्जन संबंधित समस्त कार्यों की मॉनिटरिंग एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को समय-समय पर निर्देशित कर कार्य संपादन करेंगे।

छात्रावास आश्रमों के अधीक्षक पद के लिए आवेदन आमंत्रित

सिवनी, देशबन्धु। जनजातीय कार्य विभाग सिवनी अंतर्गत संचालित विभागीय आवासीय आदिवासी बालक-कन्या छात्रावास आश्रम में अधीक्षक पद के दायित्वों के निर्वाहन हेतु इच्छुक विभागीय उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य सिवनी में दिनांक 18 नवंबर, 2024 तक कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकते हैं।

कभी रहता था गुलजार, अब छात्रावास भवन बदहाल



गोटेगांव, देशबन्धु। नगर के बगलई सड़क मार्ग पर मुक्तिधाम के पास मौजूद तालाब की जमीन को अतरिया के किसान ने शासन को शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय के लिए दान कर दी थी। इस स्थल पर कुछ साल पहले तालाब को समतल करने की अपेक्षा उसके एक हिस्से में लाखों रुपए की लागत से महाविद्यालय के छात्रावास का निर्माण किया गया था।

यहां पर उसका कोई उपयोग नहीं होने पर आदिम जाति कल्याण विभाग ने यहां पर कुछ अन्य कक्षों का अलग से निर्माण कराके बालक आदिवासी छात्रावास को खोल दिया जो कुछ साल तक यहां पर खुला रहा और उसके कुछ बच्चे छात्रावास के हिस्से में रहते रहे। कुछ दिनों बाद छात्रावास में बारिश का पानी प्रवेश करने लगा था। जब छात्रावास में रहने वाले बच्चों को असुविधा होने लगी तो उक्त आदिवासी बालक छात्रावास को गोटेगांवखेडा में स्थित छात्रावास से विस्थापित कर दिया गया। यहां से छात्रावास जाने के बाद उक्त भवन के दरवाजे अज्ञात लोग उखाड़ कर ले गए। वहीं कॉलेज के छात्रावास के मुख्य गेट पर ताला लटका होने से उसके पीछे वाले हिस्से को खोल कर अज्ञात लोग प्रवेश करके अनैतिक कार्यों को अंजाम देने लगे। वहीं आदिवासी बालक छात्रावास के भवन के कक्षों में जहां-तहां अंदर नशेडियों के द्वारा उपयोग की गई सामग्री बिखरी पड़ी रहती है।

जिसे रोकने के लिए भी प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई, अभी मौजूदा समय में तालाब के पानी की निकासी के लिए छात्रावास जाने वाले मार्ग को नाली नुमा आकार में खोद दिया गया है।

सार-समाचार

टायगर ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर निराश्रितों को बाटे कपड़े

सौसर, देशबन्धु। नगर के टायगर ग्रुप इकाई द्वारा टायगर ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष तानाजी भाऊ जाधव के जन्मदिन के अवसर पर 2 नवम्बर को टायगर ग्रुप सौसर तहसील के अध्यक्ष अंकित गुर्वे एवं महेश भक्ते के नेतृत्व में सिविल हॉस्पिटल सौसर मे मरीजों को फलो का वितरण किया गया इसके साथ साथ प्रसिद्ध जामसावली मंदिर में निराश्रित जनो को कपड़े का वितरण किया गया । इस अवसर पर रुचिका भोयर, अंकुश पातुरकर, रोशन भक्ते,दीपक सेनोड़े, पवन प्रजापति एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित, 11 तक लगेंगे

सिवनी, देशबन्धु। जिला श्रम अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को आयुष्मान योजना का लाभ प्रदाय करने विशेष केंपों का आयोजन किया जा रहा है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को जिला/ब्लाक/पंचायत स्तर पर 04 नवम्बर 2024 से 11 नवम्बर 2024 तक आयोजित विशेष केंपों में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

सिवनी, देशबन्धु। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग व्ही पी चौधरी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए रबी सिंचाई का लक्ष्य एवं सिंचाई संचालन के दौरान कृषकों को होने वाली कठिनाईयों के निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार 05 नवंबर को दोपहर 03.30 बजे कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में इच्छुक कृषक प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण उपस्थित होकर सुझाव उपलब्ध करा सकते हैं।

उमिया जिनिंग में कपास खरीदी शुरू, पहले दिन का भाव 6951 रुपए

सौसर, देशबन्धु। नगर कें उमिया जिनिंग मे कपास खरीदी का मुहूर्त क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़, जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड़ कें मुख्य आतिथ्य में एवं जिनिंग के संचालक इंद्रचंद डागा ,सुरेश भाई पटेल, पुनीत डागा की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा किसानो का तिलक लगाकर सत्कार किया गया। किसान अजाबराव कोल्हे सौसर का शुभमुहूर्त पर पहले कपास खरीदी 6951 रूपये प्रति क्विंटल से की गयी। इस अवसर पर संतोष जैन, राधेश्याम सुधा, संजय राठी,चम्पालाल पालीवाल नागपुर, राजीव जैस्वाल, सुरेश पवार, अशोक काकड़े, उमेश चौधरी, ओमप्रकाश गाड़वे, जागेश्वर गुर्वे,नितिन कामड़ी उपस्थित थे।

ज्योति माहेश्वरी का निधन

रामाकोना, देशबन्धु। ग्राम के राजेश माहेश्वरी की धर्मपत्नी ज्योति माहेश्वरी का 45 वर्ष की अल्पआयु में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार राजेश माहेश्वरी एवं उनकी धर्मपत्नी ज्योति माहेश्वरी रविवार को छिंदवाड़ा अपने निजी कार्यों से गए हुए थे। छिंदवाड़ा से रामाकोना के लिए वापसी पर आमला डिपो के पास रविवार शाम को सड़क दुर्घटना में निधन हुआ। सोमवार को स्थानीय मोक्षधाम रामाकोना में अंत्येष्टि की गयी।

बोरगांव में नृत्य सम्राट डांस प्रतियोगिता

सौसर, देशबन्धु। दीपावली के पावन पर्व पर ग्राम बोरगांव में एक दिवसीय भव्य नृत्य सम्राट 2024 डांस प्रतियोगिता हुआ संपन्न, कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजिक धार्मिक कार्यकर्ता नगर के वरिष्ठजनों ने शिरकत की। मध्यप्रदेश महाराष्ट्र सहित आसपास क्षेत्र के लगभग 23 बच्चों ने डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें पांच प्रतियोगियों को बेस्ट ऑफ़ नृत्य सम्राट 2024 डांस के लिए नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया, एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा जज पैनल अमर गजभिए कोरियोग्राफर डायरेक्टर आक्सीजन इवेंट कंपनी,नीरज घोगरे यूएन क्रियेटिव एलाइट स्टुडियो नागपुर, दीपक ढोके पूणे के द्वारा प्रतिभागियों चयनित किया गया।

इस दौरान धार्मिक समाजिक कार्यकर्ता मोहन ताजने एवं ग्राम के युवा सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बोरगांव हमेशा से संयमित और विचारवान गांव है। आज ये संत के नगरी बोरगांव में यह भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह आप सभी ग्राम वासियों के आपसी समरसता के भाव से संभव हुआ है।

आज का यह जो आयोजन है बहुत ही सराहनीय है। हर कोई अपनी विशेष प्रतिभा का धनी होता है लेकिन उसे निखारने के लिए बस एक मंच की जरूरत होती है, आज हमारा ग्राम बोरगांव जो कि पूरे जिले में नाम रोशन कर रहे है, उनके लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई। हमारे निरंतर यही सोच रहती है कि हमारे सभी बच्चों को एक अच्छा मंच मिले जहां पर हम अपने यहां की प्रतिभा को सबके सामने ला सके। नृत्य सम्राट 2024 बोरगांव का विजेता ये रहे- प्रथम पुरस्कार कुमारी परी ढोमने , द्वितीय पुरस्कार सत्यम , तृतीय पुरस्कार कृषिका, चतुर्थ पुरस्कार वेदिका , पंचम पुरस्कार मिलन को प्राप्त हुआ।

पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन उमाजी चिपडे, घनश्याम कालबांडे एवं आभार व्यक्त डॉ श्याम क्षीरसागर ने किया किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में धार्मिक समाजिक कार्यकर्ता मोहन ताजने, सरपंच पंकज दातरकर, उपसरपंच घनश्याम कालबांडे, धीरेन्द्र करडमारे, वामन ठोंमरे, श्रावड पावड़े, हर्षल ताजने, जनपद सदस्य सेवक राम गमे, मुरलीधर कड़ू, अरविंद बोबडे, पुरूषोत्तम काकडे, सुनिल जूनघरे डॉ श्याम क्षीरसागर, प्रभाकर बोबडे, प्रदीप कालबांडे, गोविंदा पूसदेकर,उमेश ढोके, सुनिल खर्चे, सुधाकर जुनघरे समस्त गणमान्य नागरिक सहित पूरे ग्रामवासियों का अमूल्य योगदान रहा।

प्रभारियों के भरोसे सरकारी दफ्तर

गोटेगांव, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरकारी कार्यालय मौजूदा समय में प्रभारी की बैसाखी के भरोसे घिसट कर चल रहे हैं।

प्रदेश शासन शासकीय कार्यालय में आम जनता की सुविधा हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं आमजन की हित के लिए चल रही उन योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए शासकीय कार्यालय में प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है।

जिससे सरकार की योजनाओं का उचित लाभ शासकीय विभागों के माध्यम से आम जनता को जल्द प्राप्त हो सके। परंतु गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र की यह विडंबना कहें या अधिकारियों की उदासीनता, मौजूदा समय में गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई प्रमुख शासकीय विभाग में इस समय प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति न होने से यह शासकीय विभाग प्रभारी अधिकारियों के भरोसे कछुआ चाल चल रहे हैं, जिससे आम जनता एवं विकास कार्यों में रूकावट होती है और इन विभागों में प्रमुख अधिकारी की तैनाती ना होने से वित्तीय पावर सहित अन्य प्रकार के कार्यों को जल्द पूरा करने में बाधा उत्पन्न होती है।

गोटेगांव नगर के प्रमुख शासकीय विभाग जैसे वन विभाग में वन परिक्षेत्र के हिसाब से यह विभाग प्रमुख रहता है इसके अधीन वन जंगल के पेड़ पौधे एवं उनके जीव जंतुओं की रक्षा सहित अन्य कार्य उनके अधीनस्थ रहता है लेकिन यह महत्वपूर्ण विभाग भी अभी प्रभार के भरोसे चल रहा है विगत दिनों यहां पर एक वन अधिकारी की तैनाती की गई थी लेकिन वह भी ट्रेनिंग पर चले गए हैं। मौजूदा समय में वन विभाग भी प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा है,दूसरा शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव का एकमात्र महाविद्यालय है वह भी प्रभारी अधिकारियों के भरोसे ही रहकर संचालित हो रहा है।

वही नगरी क्षेत्र का महत्वपूर्ण विभाग नगर पालिका परिषद गोटेगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का हाल ही में खुरई जिला सागर स्थानांतरण हुआ है उसके बाद यह महत्वपूर्ण विभाग भी प्रभारी अधिकारी के भरोसे चलने की संभावना बन रही है, जहां शासन की आमदनी के हिसाब से अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग गोटेगांव रजिस्ट्री कार्यालय वह भी प्रभारी अधिकारी के ही भरोसे घिसट रहा है। शासन के इतने महत्वपूर्ण विभाग गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में प्रभार के भरोसे चल रहे हैं, यह बड़े आश्चर्य की बात है।

समय सीमा बैठक

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सीएल चिनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत, सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे। खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सीएम हेल्प लाईन की विभागवार विस्तृत के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड करे उच्च स्तर लेबल न जाए। सभी शिकायतों पर समय सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कर पोर्टल पर फॉलोअप दर्ज किया जाए तथा अधिकतम शिकायत संतुष्टि से बंद कराई जाए।

कलेक्टर ने आगामी समाधान एक दिवस के लिए चयनित विषयवार शिकायतों को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिले के सभी क्षेत्रों में बीज-खाद की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टरसंस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपजिला मूल्यांकन समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य की अनंतिम दरों तथा प्रस्तावित बढोत्तरी पर चर्चा कर दरों का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जिले में चिन्हांकित 2400 लोकेशन में से 52 लोकेशन का मूल्य में वृद्धि किए जाने को अनुमोदित किया गया है। जिसमें सिवनी तहसील की कुल 547 लोकेशन में से 22 लोकेशन की आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों पर औसतन 36 प्रतिशत एवं कृषि भूमि में 39 प्रतिशत की प्रस्तावित वृद्धि को अनुमोदित किया गया है।

इसी तरह लखनादौन की 524 में 06 लोकेशन की आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों पर औसतन 32 प्रतिशत एवं कृषि भूमि में 33 प्रतिशत की प्रस्तावित वृद्धि, छपारा की 231 लोकेशन में से कुल 08 लोकेशन की आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों पर औसतन 47 प्रतिशत एवं कृषि भूमि में 47 प्रतिशत की प्रस्तावित वृद्धि, धनौरा की 139 लोकेशन मे से 01 में आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों पर औसतन 50 प्रतिशत एवं कृषि भूमि में 50 प्रतिशत, घंसौर की 01 लोकेशन पर 60 प्रतिशत की वृद्धि, केवलारी की 09 लोकेशन पर आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों पर औसतन 34 प्रतिशत एवं कृषि भूमि में 32 प्रतिशत इसी तरह बरघाट की 05 लोकेशन में आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों पर औसतन 12 प्रतिशत एवं कृषि भूमि में 15 प्रतिशत की प्रस्तावित वृद्धि को अनुमोदित किया गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, पंजीयन विभाग के अधिकारियों के साथ ही राजस्व, नगरपालिका, पीडब्लूडी विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक राशिफल

मंलगवार 05 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र-जेष्ठा।

मेष
आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे।

वृषभ
विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे।

मिथुन
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा।

कर्क
काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे।

सिंह
दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी।

कन्या
वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला
अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है।

वृश्चिक
गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे।

धनु
आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर
बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा।

कुंभ
अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे।

मीन
आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मलाकात होगी।

म.

अधबनी नाली से जनता त्रस्त, हादसे का अंदेशा

गोटेगांव, देशबन्धु। स्थानीय नगर के भगतराम चौराहा से बैलहाई रोड रहवासियों के सुविधाओं के लिए रोड के साथ नाली निर्माण किया गया है। नागरिकों के घरों में बारिश का पानी न घुसे इसलिए नाली का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते नाली का निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। इससे रहवासियों को समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है।

इसको लेकर आसपास के रहवासियों ने कहा कि वर्तमान में रोड के किनारे स्थित दुकानों के सामने नाली निर्माण किया जा जाएगा परंतु पिछले एक माह से नाली को खोद गया है लेकिन ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे घरों से निकलने वाले बुजुर्गों एवं छोटे बच्चों का नाली में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त होने का भय बना रहता है।

वहीं कई लोगों ने बताया कि छोटे बच्चे नाली में गिर भी गए हैं जिससे उनको चोट भी आई हैं। सड़क किनारे निवासरत रहवासियों के निकालने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था ठेकेदार द्वारा नहीं की गई है इसलिए रहवासी छोटी-मोटे पत्थरों के टुकड़े एवं चीप रखकर आना जाना करने मजबूर हो रहे हैं।

वहीं रहवासियों ने बताया घरों में छोटे-छोटे बच्चों की आवाजाही के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों का घर से अनेक बार आना जाना होता है और रोजाना छुटपुट घटनाएं हो रही है ऐसे में आगे भी कोई बड़ी दुर्घटना ना हो गौरतलब हो एक माह पूर्व भगतराम चौराहा से लेकर बैलहाई बाजार तक सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कर दिया गया है लेकिन उक्त नाली का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है।जिससे आसपास के रहवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।